# भतीजे ने चाचा-चाची पर किया चाकू से हमला

## दोनों घायल अस्पताल में भर्ती, मीटर का तार काटने को लेकर हुआ था विवाद



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, बिछिया थाना क्षेत्र के महाजन टोला में शनिवार को मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया. बिजली मीटर का तार काटने की शिकायत से नाराज भतीजे ने अपने चाचा और चाची पर चाकू से हमला कर दिया. जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई. घायल पति-पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहा उनका उपचार किया जा रहा है.**

मिली जानकारी के अनुसार महाजन टोला निवासी उमेश साकेत ने अपने रिश्तेदार के घर लगे बिजली मीटर का तार काटे जाने की शिकायत आरोपी चाहत साकेत के पिता से की थी. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई. शिकायत से नाराज चाहत साकेत मौके पर पहुंचा और विवाद करने लगा. बहस के दौरान आरोपी चाहत ने चाकू निकालकर चाचा उमेश साकेत पर वार कर दिया. बीच-बचाव करने आई उमेश की पत्नी सीमा साकेत पर भी चाकू से हमला किया. हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया. सूचना पर बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया. पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपी चाहत साकेत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी के अनुसार घायलों का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है. मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. प्रारंभिक जांच में विवाद की जड़ मीटर के तार काटने की शिकायत ही सामने आई है.

गौरतलब है कि शहर के अंदर अपराधों में लगातार इजाफा हो रहा है. कही गोली चालन तो कही लूट जैसी वारदाते सामने आ रही है. पुलिस का खौफ बदमाशो में नही दिख रहा है. वही लोगो में पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा हो रही है. आये दिन हो रही वारदातो से पुलिस पर सवाल उठा रहे है तो लोगो में आक्रोश भी देखा जा रहा है.

# मरम्मत के बाद चालू हुआ बाइपास का क्षतिग्रस्त पुल

## शहर को भारी वाहनों से मिलेगी राहत




**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, रतहरा से चोरहटा बायपास मार्ग के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुल दो महीने बाद शुक्रवार से चालू हो गया. शहर में भारी वाहनों के दबाव और हादसों में अब कमी आएगी. करीब दो महीने तक भारी वाहनों के बोझ तले रहा शहर आखिरकार शुक्रवार की सुबह से राहत की सांस ले पाया. लंबे इंतजार के बाद जैसे ही बायपास पर वाहनों की आवाजाही शुरू हुई, ट्रकों और बसों का संचालन शहर से बाहर हो गया.**

बायपास बंद होने के कारण जबलपुर, सतना और प्रयागराज की ओर से आने वाले भारी वाहनों को डायवर्ट रूट से गुजरना पड़ रहा था. इसका सबसे ज्यादा दबाव मॉडल रोड पर पड़ा. गोविंदगढ़, बेला मार्ग और अन्य अंदरूनी सड़कों पर रोजाना जाम के हालात बने रहते थे. भारी वाहनों की लगातार आवाजाही ने कई सड़कों की हालत खराब कर दी. जगह-जगह गड्ढे उभर आए और सड़कें उखड़ गई. गोविंदगढ़ और बेला क्षेत्र में अक्सर लंबा जाम लग जाता था. जिसमें ट्रको के साथ यात्री वाहन भी फसे रहते थे और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती थी. वही आये दिन सड़क हादसो की खबरे भी सामने आ रही थी. स्थानीय लोगों को रोजाना धूल, शोर और ट्रैफिक के बीच सफर करना पड़ रहा था.

**ट्रक चालकों की मुसीबत** - बायपास बंद रहने के दौरान ट्रक चालकों की भी मुश्किलें कम नहीं थीं. कई चालक शहर की सीमा पर घंटों खड़े रहकर रात 11 बजे नो-एंट्री खुलने का इंतजार करते थे. डायवर्ट रूट से गुजरने पर दूरी बढ़ जाती थी जिससे डीजल खर्च और समय दोनों अधिक लगते थे. इतने लंबे समय तक भारी वाहनों का दबाव शहर के भीतर रहने के बावजूद एक राहत भरी बात यह रही कि इस दौरान कोई बड़ी दुर्घटना सामने नहीं आई. ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन के लिए रोजाना हजारों वाहनों का दबाव संभालना किसी चुनौती से कम नहीं था.

### हादसों में आएगी कमी

बायपास का पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद से वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया था. जिसकी वजह से बड़े वाहनो का प्रवेश शहर के अंदर से होने लगा था. जिसके चलते एक ओर जहा शहर में जाम और मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहे थे तो वही आये दिन सड़क हादसे भी हो रहे थे. शहर सहित आसपास के क्षेत्र मे आये दिन सड़क हादसों की खबर सामने आ रही थी. रात 11 बजे के बाद से शहर में बड़े वाहनो का खौफ इस कदर हो जाता था कि लोग सड़क पार करने में ड़रते थे. वाहन चालक तेज और अनियंत्रित तरीके से वाहनो को दौड़ाते थे जिसकी वजह से छोटे वाहन और पैलन चलने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. हालाकि बायपास खुलने से सभी को राहत मिलेगी.

## संक्षिप्त



### सीईओ जिला पंचायत ने किया पौधरोपण

**रीवा,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने अपने शासकीय आवास में गत दिवस पौधा रोपित किया. उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले भर में पौधे रोपित किए गए. इसी क्रम में आवास में भी पौधा रोपित किया गया है.

### टीएल बैठक कल

**रीवा,** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 8 जून को सुबह 10 .30 बजे से टीएल बैठक आयोजित की गई है. टीएल बैठक के बाद दोपहर 12 बजे से डीएलसीसी की बैठक भी आयोजित की गई है. बैठक में स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी. संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### विंध्य डान्स चैंपियनशिप का ऑडिशन आज

**रीवा,** सांस्कृतिक संस्था डीसेंट डान्स परिवार द्वारा आगामी 14 जून रविवार को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 'विंध्य डान्स चैंपियनशिप' का आयोजन किया जाएगा. प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन आज सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ब्लैक पैंथर डान्स अकादमी, चक्रधर सिटी में आयोजित किए जा रहे हैं, जहां प्रतिभागी विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर फाइनल मुकाबले में स्थान सुनिश्चित करेंगे. संस्था की डायरेक्टर एकता वर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा मम्मी स्पेशल, रेन डान्स, मदर्स डे, फादर्स डे स्पेशल और ओल्ड इज़ गोल्ड जैसे सफल आयोजनों के बाद इस वर्ष विंध्य डान्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि विंध्य डान्स चैंपियनशिप की तैयारियां संस्था की पूरी टीम द्वारा वरिष्ठ संरक्षक गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में की जा रही हैं. श्री मंगू ने नगरवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभाशाली कलाकारों का उत्साहवर्धन करें और इस सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाएं.

### जनजातीय आयोग के अध्यक्ष कल आएंगे रीवा

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल दो दिवसीय प्रवास पर 8 जून को रीवा आएंगे. श्री रौतेल 8 जून को शाम 4 बजे अनूपपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर रात 8 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे. श्री रौतेल 9 जून को सुबह 10 बजे रीवा से प्रस्थान कर दोपहर 12 .30 बजे त्योंथर पहुंचकर भगवान बिरसा मुण्डा शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. कार्यक्रम के बाद श्री रौतेल रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे.

### उच्च स्तरीय समिति की बैठक 10 को

**रीवा,** मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 10 जून को सुबह 10 .30 बजे ये कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता उच्च स्तरीय समिति के सदस्य कानूनविद् अनूप नायर करेंगे. प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### नेहरू नगर में नल जल आपूर्ति का समाधान नहीं

**रीवा,** नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में टूटे हुए नल कनेक्शन को मुख्य पाइप लाइन से नए सिरे से जोड़ने का काम गुरुवार 4 जून की शाम को पूरा हुआ. लेकिन अतिक्रमण में दबी हुई तीन पाइपलाइन से नल कनेक्शनों को जोड़कर घरों तक नल जल आपूर्ति का काम अभी पूरा नहीं कराया गया. नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में सीनियर एमआईजी 2/1/ 715 , 2/1/716 एवं 2/1/717 स्थित तीनो नल कनेक्शनों के जरिए 27 मई की सुबह 6 बजे सुचारू जल आपूर्ति हुई थी. उसी दिन दोपहर में नगर निगम के ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से नाली खुदाई के दौरान बरती गई लापरवाही से संबंधित घरों के नल कनेक्शन मुख्य पाइपलाइन से लेकर आगे तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. संबंधित ठेकेदार अभी भी मनमानी से बाज नहीं आ रहा है. इस वजह से 11 दिन से प्रभावित परिवारों को नल का पानी नहीं मिल रहा है. नल कनेक्शन की तोड़फोड़ की पूरी जवाबदेही नाली निर्माण कराने वाले ठेकेदार की है. जिसके द्वारा जल आपूर्ति बाधित की गई है. ठेकेदार के द्वारा संबंधित स्थान पर भी नाली निर्माण कार्य करते समय घोर लापरवाही बरती गई, जिसके चलते मुख्य पाइप लाइन से जोड़े गए नल कनेक्शन की पाइपलाइन को दूसरी तरफ मोड़ दिया गया है. जबकि उसे नाली के पार लाया जाना चाहिए था. नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त अक्षत जैन की विशेष पहल पर टूटे नल कनेक्शनों को मुख्य पाइप लाइन से जोड़ दिया गया लेकिन जल आपूर्ति अभी भी नहीं हो पा रही है.

# वाहन चेकिंग में पुलिस ने की संदिग्धों की जांच

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक वारदातों के बाद से पुलिस भी सक्रिय नजर आ रही है. चोरी, लूट, गोली चालन जैसी घटनाओं के बाद से पुलिस की नींद उड़ी हुई है.**

समान थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क पर गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों और लोगों की गहन जांच की. साथ ही ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई. वाहन चालक इधर उधर भागते नजर आए. चेकिंग अभियान में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा. प्रमुख चौराहों और मार्गों पर पुलिस की मौजूदगी से असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति देखी गई. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

# बरसात के पहले नालों और नालियों की कराई जा रही सफाई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, वर्षाकाल के पूर्व शहर में जलभराव की समस्या को रोकने तथा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा नाला एवं नालियों की सफाई लगातार कराई जा रही है.**



इस दौरान नगर निगम रीवा की नाला गैंग द्वारा विभिन्न वार्डों के बड़े नालों एवं नालियों की सफाई कराई जा रही, जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी सुचारु रूप से हो सके. इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 02 स्थित विंध्य बिहार कॉलोनी में गायत्री स्कूल के पीछे बड़े नाले की सफाई कराई गई. नाले में जमा गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुगम बनाया गया. वहीं वार्ड क्रमांक 16 में लाल घाट के नीचे स्थित बड़े नाले में उगे पेड़ों, झाड़ियों एवं खरपतवार को हटाकर व्यापक सफाई कराई गई. इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 36 में प्रेमलाल सोनी के घर से लेकर मनीष श्रीवास्तव के घर के पीछे स्थित नाले की भी सफाई कराई गई. इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 20 स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में नालियों की सफाई कराई गई. सफाई के दौरान निकले कचरे एवं मलबे का उठाव कराया गया.

**नालियों की नही हुई सफाई** - नगर निगम द्वारा बरसात के पहले नाला और नालियों की सफाई कराई जा रही है. लेकिन वार्ड क्रमांक 32, 34, 35 में नाली सफाई की खानापूर्ति की जा रही है. खुली नालियों का कचरा निकाल कर सड़क पर रख दिया जाता है पर जो नाली ऊपर से बंद है उनका चेम्बर खोल कर सफाई नही की जाती. जबकि वार्ड पार्षद और सफाई दरोगा से इसकी शिकायत भी की जाती है. लेकिन इस पर कोई ध्यान नही दिया जाता है.

# पिलर के गढ्डे में गिरा मासूम, सुरक्षित निकाला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, पिलर के लिये खोदे गए 10 फिट गहरे गढ्डे में एक मासूम खेलते समय गिर गया. मासूम के गढ्डे में गिरते ही अफरा-तफरी मच गई.**

परिजनों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी. सूचना पर पहुंची गोविंदगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मासूम की जान बचा ली. करीब दो घंटे तक मासूम गढ्डे में ही फसा रहा. जानकारी के अनुसार



महाजन टोला ग्राम चुआ निवासी बाबू केवट का एक वर्षीय बेटा शिवेंद्र केवट अपने घर में पिलर के लिए खोदे गए 10 फिट गहरे और 1 फिट चौड़े गड्ढे के पास खेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसला और वह गड्ढे में जा गिरा. मासूम के गढ्डे में गिरते ही अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही थाना गोविंदगढ़ पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस और गांव वालों ने बिना समय गंवाए बगल से गड्ढा खोदना शुरू किया. कड़ी मशक्कत के बाद मासूम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है.

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक कल

**रीवा, 6 जून,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला इकाई रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 8 जून 1 बजे दोपहर को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में पेंशनरों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिलाध्यक्ष द्वारा तहसील/विकासखण्ड के अध्यक्षों एवं पेंशनर साथियों से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

# रिजफरो सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल बनाता है बुआई के लिए मेड़ और नाली

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, दलहनी और तिलहनी फसलों में पानी की कम आवश्यकता होती है इसी तरह सोयाबीन की फसल को भी कम पानी की आवश्यकता होती है.**

अधिक बारिश और जल भराव होने पर सोयाबीन के पौधे गलने लगते हैं. यही प्रभाव मूंग, उड़द, अरहर आदि की फसलों में होता है. इस समस्या को दूर करने के लिए रिजफरो सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल बहुत उपयोगी है. इसे किसी भी ट्रैक्टर से चलाया जा सकता है. इसके उपयोग से खेत में फसल की बोनी के लिए नाली और पतली मेड़ का चार की कतार में निर्माण होता है. सोयाबीन तथा अन्य फसलें मेड़ की ढलान पर बोई जाती हैं. अधिक वर्षा होने पर नालियों के माध्यम से पानी खेत से बाहर हो जाता है जिससे गलन की समस्या दूर होती है. यदि बारिश कम होती है तो मेड़ में संचित नमी पौधे के लिए उपयोगी साबित होती है. खेत में नाली और मेड़ बन जाने से इसमें अंतरवर्ती फसल भी ली जा सकती है. इसके उपयोग से कतार से कतार और पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित हो जाती है जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है. इसका उपयोग सोयाबीन सहित सभी दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए बहुत कारगर है. इसकी खरीद में कृषि विभाग द्वारा अनुदान की सुविधा दी जा रही है.

# महिला मजदूर के सूने घर का टूटा ताला, नगदी सहित जेवरात पार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर लगातार इजाफा हो रहा है. कहीं गोली चालन तो कही बच्ची से दुष्कर्म की घटनाएं सामने आ रही है. बदमाशो में पुलिस का कोई खौफ नही रह गया. बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे है.**

कोतवाली क्षेत्र में चोरो ने एक महिला मजदूर के सूने घर का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घटना



की रात पीडित परिवार रिश्तेदारी में हुई गमी में शामिल होने गया था, तभी सूने आवास में घुसे चोरों ने मेहनत मजदूरी कर जुटाए गए नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया. घटना की जानकारी पीडित परिवार को आज सुबह पडोसी नें फोन पर दी, जिसके बाद पीडित महिला थाना पहुंची और चोरी की शिकायत दर्ज कराई है. दरअसल चोरी का यह मामला शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र गुढ चौराहा स्थित नया तालाब का है. घटना के संबध में रानी साकेत ने बताया कि वह मजदूरी का काम करती है और खून पसीने से कमाएं हुये पैसे व जेवरात उसने घर में सुरक्षित रखे थे, जिन्हें चोरों ने पार कर दिया है. पीडिता नें बताया कि घटना से एक दिन पूर्व वह रिश्तेदारी में हुई गमी में शामिल होने सीधी के पचोखर गांव गई थी, तभी आज सुबह पडोसी नें उसे घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी और जब वह घर पहुंची तो पेटी में रखे जेवरात और नगदी गायब थे. फिलहाल पीडित महिला की शिकायत पर पुलिस नें चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है और चोरों की पता तलाश शुरु कर दी है. चोरी की वारदात के बाद से लोगो में पुलिस के प्रति नाराजगी है. लोगो का कहना है कि अधिकारी रात्रि गश्त के निर्देश देते है पर गश्त कही दिखाई नही देती.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, रीवा-सीधी मार्ग पर महसांव रेडियो स्टेशन के समीप बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है. यहां एक हाइवा वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई.**

घटना बीती रात्रि लगभग 12:30 बजे की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार मृतक युवक अपनी मोटर साइकिल से जा रहा था तभी महसांव रेडियो स्टेशन के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब युवक को मृत अवस्था में सड़क पर पड़ा देखा तो तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. सूचना मिलते ही गुढ़ पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचवाया जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है. युवक की पहचान की जा रही है.

# आकाशीय बिजली और सर्पदंश से बचाव के लिए परामर्श

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग द्वारा आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी मौसमी एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि में कमी लाने के उद्देश्य से नागरिकों को परामर्श दिया जा रहा है.**

सचिव (गृह) एवं समन्वयक मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मानसून अवधि में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएँ कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं. नागरिकों को सलाह दी गई है कि मौसम में अचानक परिवर्तन, तेज गर्जना एवं बिजली की चमक को खतरे के संकेत के रूप में गंभीरता से लें.

# सांई मंदिर गोली काण्ड का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जून, शहर के रानी तालाब स्थित सांई मंदिर में दो दिन पूर्व हुये गोलीकांड के मुख्य आरोपी पुजारी के पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

आरोपी पुजारी पुत्र ने रंजिश के चलते अपने दोस्त से कट्टा मंगा कर भंडारा खाने आए 13 वर्षीय बच्चे को गोली मारी थी. हालाकि पुलिस ने कट्टा देने वाले शिवम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि घटना के बाद से फरार चल रहे पुजारी पुत्र जतिन साकेत को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया.

दरअसल गोलीकांड की यह पूरी घटना शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र रानी तालाब के समीप स्थित सांई मंदिर में 4 जून को हुई थी. यहां मंदिर में भंडारा खाने पहुंचे 13 वर्षीय बच्चे के पैर में गोली लगने की खबर से हड़कंप मच गया था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जब अस्पताल पहुंचकर जानकारी जुटाई तो पता चला कि गोली मंदिर परिसर में पुजारी के पुत्र जतिन साकेत ने अपने दोस्त शिवम कुशवाहा के कट्टे से चलाई थी. पुलिस ने इस मामले में घटना के दूसरे दिन ही कट्टा देने वाले शिवम कुशवाहा को गिरफ्तार कर कट्टा बरामद कर लिया था, जबकि घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे पुजारी के पुत्र जतिन को आज गिरफ्तार किया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने रंजिश के चलते बच्चे पर अपने दोस्त के कट्टे से फायर किया था, जिस दौरान गोली बच्चे के पैर में लगी थी. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.